दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ & Fax : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

पत्रांक : /2025–26 दिनांक : 28.02.2026

प्रकाशनार्थ

दिनांक 28.02.2026 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विज्ञान दिवस के अवसर पर संस्थागत नवाचार प्रकोष्ठ के तत्वावधान में नवाचार प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य वक्ता, प्रो. हरिशरण, पूर्व प्रतिकुलपति, दी0द0उ0 गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर ने विद्यार्थियों द्वारा लगाये गये प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि आज हम उस मोड़ पर खड़े हैं। जहां से दुनिया काफी तेजी से बदल रही है। भारत सरकार के लक्ष्य विकसित भारत 2047 की दिशा में हम लगातार कार्य कर रहे हैं। यह सूचना क्रान्ति का समय है इसके साथ ही आज ए.आई. का भी समय चल रहा है। जिससे बहुत सी दुरूह चीजें भी आसान हो गयी हैं। हमें अब उर्जा के लिए चिन्ता नही करनी है। क्योंकि सोलर एनर्जी हमें अनवरत मिल सकती है, बशर्ते हम तकनीकी का बेहतर प्रयोग करें। नये भारत में आज का युवा ही तकनीकी की सहायता से अपेक्षित परिवर्तन ला सकेगा।

मुख्य अतिथि प्रो. रामअवतार वर्मा प्रभारी, वनस्पति विज्ञान विभाग, मदन मोहन मालवीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भाटपाररानी, देवरिया ने कहा कि हम अपने युवाओं को नये विचार देकर आने वाले चुनौतियों के तैयार कर सके, इस दिशा में कार्य करना होगा। तभी हम तेजी से बदलती इस दुनिया में बने रह सकेंगे। यह छोटे–छोटे आईडिया जब वृहद रूप लेंगे तो समाज में एक नयी क्रान्ति आ जायेगी।

विशिष्ट अतिथि प्रो. उदयभान, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, गोरखपुर ने कहा कि विद्यार्थियों का प्रयास सराहनीय है। महाविद्यालय में प्रतिभाओं की कमी नही है, इन्हें उचित अवसर व सुविधा प्रदान करने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि अच्छे मन से किया हुआ कार्य सुखद परिणाम लेकर आता है। नया विचार, नई पद्धति और नया प्रोडक्ट ने अलग लेकर आने वाला नवाचार है, जो आने वाले समय का आविष्कार सिद्ध होगा। उक्त अवसर पर नवाचार प्रदर्शनी में कुल 24 ग्रुप ने अपना प्रतिभाग किया, जिसमें **प्रथम स्थान पर ग्रीन सिटी विथ मॉडल टेक्नॉलाजी** विषय पर कुमारी रोशनी की टीम, **द्वितीय स्थान पर हिमोडायलिसिस रि थिंकिंग** विषय को लेकर आयुष्मान सिंह की टीम एवं **तृतीय स्थान पर ग्रीन गंगा मिशन** को लेकर अरूणिमा शुक्ला की टीम विजयी रही।

कार्यक्रम में अतिथि परिचय संस्थागत नवाचार प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. शुभ्रांशु शेखर सिंह **ने तथा आभार ज्ञापन** प्रो. परीक्षित सिंह, समन्वयक, आई.क्यू.ए.सी. **एवं संचालन** डॉ. नितीश शुक्ला ने किया। उक्त अवसर पर **प्रो. नित्यानन्द श्रीवास्तव, प्रो. अर्चना सिंह, प्रो. शुभ्रा श्रीवास्तव, डॉ. प्रतिमा सिंह, डॉ. आर.पी.यादव, डॉ. पीयूष सिंह, डॉ. धीरज सिंह, डॉ. अंशुमान सिंह, डॉ. पवन पाण्डेय, डॉ. सुनील सिंह, डॉ. सूरज शुक्ला, डॉ. सुभाष गुप्ता सहित महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों** की उपस्थिति रही।

डॉ.(सुनील कुमार सिंह)
सह–प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क